सुनले मेरे राम तेरा नाम चाहिए

सुनले मेरे राम तेरा नाम चाहिए, तेरा नाम चाहिए,
चरणों में तेरे जगह चाहिए,
बीते जिंदगानी तेरे चरणों में राम, तेरे कदमो में राम,
हमको तो तेरा दर्श चाहिए, सुनले मेरे राम.....

दे दो दर्श राम मेरे प्रभु, मेरे प्रभु,
अब जन्मों के प्यासे हैं नैना प्रभु, नैना प्रभु,
भक्तों को तारा तुमने करके दया,
हमको तो तेरा दर्श चाहिए, सुनले मेरे राम.....

प्रभु चरणों की रज से अहिल्या तरी, अहिल्या तरी,
प्रभु झूठे बेर खाए माँ शबरी तरी, माँ शबरी तरी,
केवट को तारा तुमने करके दया,
हमको तो तेरा दर्श चाहिए, सुनले मेरे राम.....

प्रभु की राम की महिमा जो गावे सुने, जो गावे सुने,
श्री राम कृपा से भव सिंधु तरे, भव सिंधु तरे,
पवन को भी तारो राम करके दया,
हमको तो तेरा दर्श चाहिए, सुनले मेरे राम.....

स्वर व् गीत : लाडला पवन

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26371/title/sunle-mere-ram-tera-naam-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |